# भा. कृ. अनु. प. - केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
# क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच

# हिंदी सप्ताह का आयोजन

भा. कृ. अनु. प. - केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच में हिंदी सप्ताह का आयोजन, दिनांक 14 से 20 सितंबर 2023 के दौरान किया गया| हिंदी सप्ताह का शुभारम्भ हिंदी दिवस के अवसर पर दिनांक 14/09/2023 को केंद्र के अध्यक्ष डा. अनिल आर. चिन्चमलातुरे द्वारा किया गया| सर्वप्रथम सभी कर्मचारियों द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा ली गयी| अध्यक्ष महोदय द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी भाषा का महत्त्व समझाया तथा बताया गया कि भारतीय संविधान द्वारा 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में घोषित किया गया था| अध्यक्ष महोदय द्वारा हिंदी के बारे में कई महत्वपूर्ण तथ्य भी बताये गए| उन्होंने कार्यालय में लिखे एवं बोले जाने वाले दैनिक कार्यकलापों को हिंदी में करके हिंदी भाषा को बढ़ावा देने की बात कही| हिंदी समिति की सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं के बारे में विवरण दिया| उन्होंने सभी कर्मचारियों को प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया| दिनांक 14/09/2023 को निबंध लेखन, टिप्पण लेखन तथा हिंदी टंकण की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया| हिंदी समिति के द्वारा इस वर्ष कुछ नई गतिविधियाँ भी करायी गईं जैसे कि प्रतिदिन कर्मचारियों द्वारा हिंदी में सुविचार लिखना, सर्वाधिक हिंदी मुहावरा, हिंदी पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा समाचारपत्रों के नाम लेखन प्रतियोगिता आदि, जिससे मनोरंजन के साथ-साथ कर्मचारियों के हिंदी के ज्ञान में भी वृद्धि हुई| कर्मचारियों को दफ्तर के रोजमर्रा के कार्य अधिक से अधिक हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया गया|

दिनांक 20/09/2023 को कर्मचारियों के लिए अन्य प्रतियोगिताएं आशुभाषण तथा प्रश्न मंच आयोजित की गयी| हिंदी सप्ताह का समापन समारोह दिनांक 20/09/2023 को केंद्र के सभागार में किया गया तथा इसकी शुरुआत भा. कृ. अनु. प. गीत के द्वारा की गयी| इस दौरान हिंदी समिति की सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने समारोह में उपस्थित समस्त वैज्ञानिकों, प्रशासनिक अधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों तथा कुशल सहायक कर्मचारियों का हार्दिक स्वागत के साथ अभिनंदन किया| उन्होंने इस दौरान आयोजित की गयीं विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं के बारे में विवरण दिया| हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित की गयीं सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को केंद्र के अध्यक्ष डा. अनिल आर. चिन्चमलात्पुरे के द्वारा प्रमाण पत्र तथा पारितोषिक वितरण किया गया| हिंदी समिति के सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने केंद्र की हिंदी समिति के सदस्यों डा. सागर विभुते, श्री सी. आर. तावियाड एवं श्री नवीन कुमार को हिंदी सप्ताह के सफलता पूर्वक समापन की बधाई दी तथा उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया | इसके पश्चात् केंद्र के अध्यक्ष द्वारा हिंदी सप्ताह की समाप्ति के उपलक्ष्य में उदबोधन दिया गया| अंत में हिंदी समिति के सदस्य डा. सागर विभुते ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया| मंच का कुशलतापूर्वक संचालन श्री अक्षय कुमार के द्वारा किया गया| समारोह का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ|

## हिंदी सप्ताह (14 से 20 सितंबर 2023) पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची

| पुरस्कार | निबंध लेखन | आशुभाषण | टिप्पण लेखन | हिंदी टाइपिंग | प्रश्न मंच |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रथम** | आकांक्षा विश्वकर्मा | अक्षय कुमार | मंजुलाबेन वसावा | नवीन कुमार | नवीन कुमार |
| **द्वितीय** | रामाभाई वालंद | सी. आर तावियाड | दिलीपकुमार वाघेला | अशोककुमार चौधरी | अक्षय कुमार |
| **तृतीय** | मुर्तुजा खान पठान | बलवंतसिंह डामोर | - | प्रज्ञा पारेख | अशोककुमार चौधरी |



**राजभाषा प्रतिज्ञा**


**राजभाषा प्रतिज्ञा**



**हिंदी सप्ताह उद्घाटन समारोह**


**निबंध लेखन प्रतियोगिता**




आशुभाषण प्रतियोगिता




हिंदी टंकण प्रतियोगिता




पुरस्कार वितरण




पुरस्कार वितरण




कर्मचारियों द्वारा लिखे गये सुविचार